# शिक्षा अज्ञान के अंधकार को दूर करता है : विधायक डॉ . सिकरवार

## जन उत्थान न्यास ने 551 मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान, 22 टॉपर छात्र-छात्राओं को भेंट की सायकिल

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 22 जून।** शिक्षा एक ऐसा प्रकाश है, जो अज्ञान के अंधकार को दूर करता है और हमें एक बेहतर इंसान बनने में सहायता करता है। छात्र जीवन में शिक्षा का महत्व सबसे अधिक होता है, क्योंकि यह वही समय होता है जब व्यक्तित्व और सोच का निर्माण होता है। सही मार्गदर्शन और प्रेरणादायक विचार एक छात्र को सुनहरे भविष्य की ओर ले जाती है। यह विचार आज जन उत्थान न्यास के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने मेधावी छात्र-छात्राओं सम्मान समारोह कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुये व्यक्त किये। आज शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था जन उत्थान न्यास के तत्वाधन में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के 551 मेधावी



छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह चेतकपुरी चौराहा के पास स्थित तोरण वाटिका में किया गया। कार्यक्रम में विशेष बात यह रही कि 22 टॉपर छात्र-छात्राओं को न्यास के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने सायकिल भेंट की तथा प्रतिभा सम्मान स्मृति चिन्ह, पुष्पमाला पहनाकर एवं पेन सेट भेंटकर सभी का सम्मान किया। साथ ही ग्वालियर की टॉपर छात्रा सौम्या अग्रवाल को 5100 रूपये नगद पुरस्कार न्यास की ओर से सम्मान स्वरूप दिया गया। कार्यक्रम का संचालन न्यास के सह सचिव एवं एम.आई.सी सदस्य अवधेश कौरव एवं कोषाध्यक्ष अवध सिंह धाकरे एवं न्यासी आदित्य सिंह सिकरवार 'गौंची' ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं उनके परिवारजनों के लिये सहभोज का आयोजन भी किया गया था।

कार्यक्रम में विधायक डॉ. सिकरवार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि विद्यार्थी जीवन हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण काल माना जाता है उन्होंने कहा कि शिक्षा से व्यक्ति आत्मनिर्भर बनता है। एक शिक्षित व्यक्ति न केवल अपने जीवन को सुधार सकता है, बल्कि समाज और देश के विकास में भी योगदान देता है। शिक्षा का मतलब सिर्फ स्कूल और कॉलेज की पढ़ाई नहीं है, बल्कि हर वह चीज जो हमें सिखाती है और बेहतर बनाती है, वह शिक्षा का हिस्सा है।

### इन टॉपर छात्र-छात्राओं को मिली सायकिल

कृष्णा सिंह मल्हौत्रा, मयंक दोहरे, विशाल, कुश प्रजापति, श्रेष्ठ प्रताप सिंह चैहान, मयंक कुमार गोयल, निशांत राजौरिया, राज प्रजापति, निशांत माहौर, अनंत जाटव, सरगम शर्मा, लता रावत, मान्या साहू, योगिता कुमार, गुडिया, प्राची शर्मा, ऋषिका कुशवाह, कोमल श्रीवास्तव, स्नेहा साहू, प्राची बाथम, निधि पाल, सुष्मिता।

# वाहन चेकिंग में मोटर सायकिल सवार तस्कर को पकड़ा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 22 जून।** थाना चीनौर पुलिस ने वाहन चेकिंग में मोटर सायकिल सवार तस्कर को पकड़कर उसके पास से 8.92 ग्राम स्मैक कीमत लगभग 27000/- रुपये एवं एक बिना नम्बर की बजाज प्लेटिना मोटर सायकिल कीमती लगभग 15000/- रुपये की जप्त की गई।

पुलिस की टीम को वनवार चीनौर गढीसालमपुर तिराहा पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग करने हेतु लगाया गया था चेकिंग पुलिस टीम को बिना नम्बर की एक प्लेटिना मोटर साइकिल पर सवार संदिग्ध व्यक्ति आता दिखा, जिसने पुलिस चेकिंग को देखकर मोटर साइकिल वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया, परन्तु पुलिस जवानों द्वारा उन्हे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये संदिग्ध से नाम पता पूछने पर स्वयं को ग्राम अमरोल थाना चीनौर जिला ग्वालियर का रहने वाला बताया। पकडे गये संदिग्ध की तलाशी लेने पर व्यक्ति की लोवर की जेब में एक सफेद रंग की पॉलीथिन रखी हुई मिली जिसे खोलकर चेक किया तो उसमें

**8 .92 ग्राम स्मैक कीमत लगभग 27000 रुपये एवं एक बिना नम्बर की बाइक जब्त**

अवैध मादक पदार्थ स्मैक रखी हुई मिली जिसकी तौल कराने पर उसका वजन 08.92 ग्राम कीमती लगभग 27000/- रूपये की होना पाई गई। पकड़े गये व्यक्ति का यह कृत्य एनडीपीएस एक्ट के तहत दण्डनीय होने से मामला पंजीबद्ध किया गया। पकडे गये स्मैक तस्कर के खिलाफ से स्मैक के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

# यदुवंशी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 22 जून।** यदुवंशी समाज ग्वालियर संभाग द्वारा आज समाज के प्रति भगवान छात्र-छात्राओं एवं समाज का नाम रोशन करने वाले समाज बंधुओ का सम्मान समारोह एवं समाज की साधारण सभा की बैठक आज विनय नगर में आयोजित की गई। अखिल भारतीय यदुवंशी समाज के महामंत्री नवीन कुमार ने बताया कि हमारे समाज द्वारा प्रतिवर्ष समाज के प्रतिभावान बालक बालिकाओं का सम्मान समाज द्वारा किया जाता है, वही समाज के लिए कुछ कर गुजरने वाले समाज का नाम रोशन करने वाले समाज बंधुओ का भी यदु सम्मान से सम्मानित किया जाता है ।आज के कार्यक्रम में 45 बालक बालिकाओं को सम्मानित किया गया। वहीं अनेक क्षेत्रों में कार्य करने वाले समाज बंधुओ का भी सम्मान किया गया। जिसमें श्रीमतीआशा जाकड़ लेखन में सुश्री हेमलता यादव ज्योतिष के क्षेत्र में रमेश यादव व्यवसाय के क्षेत्र में विकास यादव सामाजिक क्षेत्र में नंदकिशोर यादव व्यवसाय के क्षेत्र में रामकृष्ण धामनिया शिक्षा के क्षेत्र में डॉक्टर वैभव यादव चिकित्सा के क्षेत्र में कुंवारी समृद्धि यादव खेल जगत में बंटी यादव खेल जगत में और डॉक्टर विनोद यादव चिकित्सा के क्षेत्र में सम्मानित किया गया महामंत्री नवीन यादव ने बताया कि अब हमारे समाज परिचय सम्मेलन की रूपरेखा तैयार करने जा रहा है। पैरा मैराथन में भाग लेकर आए बंटी यादव ने कहा कि अभी मैं दक्षिण अफ्रीका से 100 मीटर रेस में छठवें स्थान पर रहा मेरा सपना ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतना है।

# शहीदों के बलिदान से राष्ट्र को आजादी मिली, राष्ट्र सर्वोपरि है : मयंक रामदास

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 22 जून।** शहीद अमरचंद बांठिया एवं उनके नाबालिक आठ वर्षीय पुत्र के 168 वां बलिदान दिवस पर आज सराफा बाजार बलिदान स्थली पर सार्वजनिक श्रद्धांजलि सभा में हिंदू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ जयवीर भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें अयोध्या धाम से पंच आचार्य

महंत महामण्डलेश्वर मयंक राम दास महाराज, मंहत शयाम सुंदर जी महाराज, श्री शिव राम दास जी महाराज जी, मंगल दास जी महाराज ,मदन मोहन दास जी महाराज, भाजपा के नेता पूर्व सभापति बृजेंद्र सिंह जादौन लालजी ,मजदूर दल के विशाल सिंह किटकरिया ,हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामबाबू सेन ,हेमराज जाटव, धर्मेंद्र बरेलिया ,सुरेश माहौर ,उदय राज कुशवाहा,अजय यादव, किशनलाल पदवार, जगदीश



कुशवाहा, रवि कुशवाहा, हीरालाल जैन , शहीद अमरचंद बांठिया के वंशज मनोज बांठिया सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

अयोध्या के धाम से पधारे महामंडलेश्वर श्री मयंक रामदास जी महाराज ने कहा कि भारत को आजादी ,बलिदानी , संतों के शहीदी और क्रांतिकारियों ने दिलाई ।ग्वालियर में गंगा दास जी की बड़ी शाला के 745 साधु संतों का बलिदान प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में हुआ लेकिन आज तक 745 साधु संतों स्मृति में कोई भी स्मारक नहीं है ग्वालियर में बनाया ।साधु संतों ने रानी लक्ष्मीबाई की रक्षा करते हुए अपना बलिदान दिया था लेकिन आज उनको भुलाया जाना नहीं चाहिए । राष्ट्र सर्वोपरि होता है। इसीलिए साधु संतों ने अपना बलिदान दिया था उस इतिहास को जीवित रखने के लिए स्मारक का होना आवश्यक है। बाठिया जी के स्मारक का सौंदर्यीकरण नगर पालिका निगम और प्रदेश सरकार को करना चाहिए।

अध्यक्षीय आसन्न से हिंदू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ जयवीर भारद्वाज ने कहा कि शहीदों बलिदानियों को याद करने के लिए युवा पीढ़ी को आगे आना होगा वर्तमान में राजनीतिक कारणों से क्रांतिकारी ,शहीदों, बलिदानियों की जयंती एवं उनके बलिदान दिवस पर जनप्रतिनिधियों द्वारा भी उपेक्षा की जाती है। आज मध्य प्रदेश का खजाना खाली है और खजाने को बढ़ाने की योजना नहीं है । राष्ट्र भक्तों को चिंतन करना होगा अन्यथा विदेशी कर्ज के कारण देश की आजादी खतरे में जा सकती है।संचालन सिद्धू महासभा के जिला उपाध्यक्ष ब्रह्म दत्त शास्त्री ने किया। हिन्दू महासभा के जिला अध्यक्ष लोकेश शर्मा जी के नेतृत्व में सायंकाल ठीक 6-30 बजे दीपक जलाकर श्रद्धांजलि दी ।

# आप का संगठन विस्तार को लेकर सह संवाद अभियान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 22 जून।** आम आदमी पार्टी ग्वालियर ने संगठन विस्तार कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद अभियान शुरू करने की घोषणा की। जिला सचिव त्रिलोचन सिंह ने बताया कि पार्टी ने सदस्यता अभियान के बाद अब संगठन विस्तार को लेकर युद्ध स्तर पर कार्य शुरू किया है। जहां मजबूत संगठन है वहां और मजबूत करेंगे और जहां पर संगठन नहीं है वहां पर संगठन को खड़ा करेंगे इसी क्रम में आम आदमी पार्टी ने ग्वालियर चंबल संभाग में कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद अभियान की शुरुआत की है। जिसके तहत मैं ग्वालियर चम्बल संभाग के सभी जिलों में जाकर के कार्यकर्ताओं से संवाद करके उनकी समस्याओं को



सुनकर उनका समाधान करने का कार्य करेंगे तथा नई कार्यकारणी के लिये नाम एकत्रित किए जाएंगे। दूसरा ग्वालियर चंबल संभाग में लगातार हो रही बिजली कटौती के मुद्दे और बिजली की दरों में बढोत्तरी के ख़िलाफ़ बड़ा आंदोलन करेंगे ।रोहित गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि ग्वालियर शहर स्मार्ट सिटी ना होकर के अब क्राइम सिटी बन गया है पिछले एक महीने के अंदर 25 घटनाएं सरेआम गोली चलाने की, हत्या एवं हत्या के प्रयास और लूट की हुई है। ग्वालियर में शिक्षा व्यवस्था का बुरा हाल है 89 सरकारी स्कूलों में लाइट नहीं है बच्चियों के लिए शौचालय नहीं है पीने के लिए स्वच्छ पानी नहीं है पढ़ाने के लिए अच्छे टीचर नहीं है आज भी मध्य प्रदेश के अंदर 70000 पद टीचर्स के खाली पड़े हुए हैं जिन्हें भरा नहीं जा रहा है।

प्रदेश प्रवक्ता हिमांशु चौहान ने संबोधित करते हुए कहा कि ग्वालियर में सड़कों का बुरा हाल है, जहां सड़कों की आवश्यकता नहीं है पहले से अच्छी सड़क बनी हुई है उसे खोदकर वहां नगर निगम सड़क का निर्माण कर रहा है। और जहां पर आवश्यकता है वहां गढ़ों में सड़क है वहां निर्माण कार्य नहीं हो रहा है बरसात की स्थिति है ऐसे में जगह-जगह सड़के खुदी पड़ी है लोगों को आवागमन में परेशानी आ रही। जिलाध्यक्ष अमिताभ पांडे ने बताया कि आज कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद अभियान की शुरुआत ग्वालियर से की जा रही है। आज की प्रेसवार्ता में आप प्रदेश सह सचिव अमित शर्मा, ओबीसी बिंग के प्रदेश उपाध्यक्ष मौजूद रहे।

# कैट का व्यापारिक संवाद कल

**ग्वालियर 22 जून।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट ग्वालियर का व्यापारिक संवाद 24 जून मंगलवार को आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्वालियर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह होंगे जबकि अध्यक्षता राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन करेंगे।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह मुख्य अतिथि होंगे**

कार्यक्रम संयोजक राहुल अग्रवाल, समीर अग्रवाल एवं राकेश अग्रवाल ने बताया कि श्री वर्धमान वैंकट, जैन छात्रावास, माधव डिस्पेसरी के सामने आयोजित इस संवाद में ग्वालियर की व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठन व एसोसियेशन के अध्यक्ष एवं सचिव, कैट कोर मेंबर, महिला विंग, यूथ विंग द्वारा व्यापार में चल रही परेशानियों के संबंध में पुलिस अधीक्षक से वार्ता करेंगे ।कैट म.प्र. एडवाईजरी बोर्ड के सदस्य राम कुमार गोयल ने विभिन्न बाजार संगठनों के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का संवाद कार्यक्रम एवं सुरक्ष की दृष्टि से सीसीटीवी बाजारों में लगाये जाने की पहल के लिये प्रयास किया है और इसे तीसरी आंख नाम दिया है। इस अवसर पर इस कार्यक्रम का भी शुभारंभ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक करेंगे।









# महिलाओं बच्चियों पर बढ़ते अपराधों के विरोध में सम्मेलन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 22 जून।** महिलाओं बच्चों पर बढ़ते अपराधों के विरोध में ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन ने जिला सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन की शुरुआत संघर्ष का प्रतीक झंडा वंदन कर हजारों लाखों शहीद क्रांतिकारियों की शहीद वेदी पर पुष्प अर्पण कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद 1 मिनट का मौन रखकर महिलाओं बच्चियों पर बढ़ते अपराध के विरोध में मुख्य प्रस्ताव रखा गया। सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया। अधिवेशन के अंत मे संगठन की राज्य सचिव श्रीमती रचना अग्रवाल ने कहा की घरेलू हिंसा यौन उत्पीड़न दहेज हत्या अपहरण और साइबर अपराध जैसे अपराधों में वृद्धि चिंता का विषय बन गया है।

कुछ वर्षों से हम महसूस कर रहे हैं कि नित नयी अमानवीय और विभत्स घटनाएं सामने आ रही हैं जो हमें सोचने पर मजबूर करती हैं कि क्या हम वाकई सभ्य समाज में रहते हैं आज अपराधी छोटी-छोटी मासूम बच्चियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर पीड़िता के शरीर को टुकड़े-टुकड़े करके फेंकना, उसकी वीडियो बनाकर आनंद लेना, पत्थरों पर सर पटक पटक कर मार डालना, उनके निजी अंगो को छत विक्षत करना।

**ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन ग्वालियर इकाई द्वारा चतुर्थ जिला आयोजन किया गया**

अगर महिलाओं को समाज में सही स्थान और सम्मान हासिल करना है तो उसे अपनी बुद्धि से, कला, विज्ञान, दर्शन, राजनीति हर क्षेत्र में स्वयं को साबित करना होगा महिलाओं को मात्र आनंद प्राप्ति का साधन मानने वाले पुरुषवादी मानसिकता को परास्त कर समाज की नजरों में संघर्ष शील इंसान की मर्यादा प्राप्त कर स्त्रियां सम्मान प्राप्त कर सकेंगी । साथ ही शराबबंदी की मांग, अश्लीलता व हिंसा के प्रदर्शन पर रोक लगाने के लिए एक मजबूत आंदोलन हमें यहां खड़ा करना होगा इन सभी मांगों को पूरा करवाने के लिए यह सम्मेलन अपील करता है।

नवनिर्वाचित कमिटी की घोषणा कर प्रतिनिधि अधिवेशन का औपचारिक रूप से समापन किया गया। शाम को खुला अधिवेशन किया गया जिसमें युद्ध के कारण भारी संख्या मे महिलाओं बच्चों का जो नुकसान हुआ उसके उपर प्रस्ताव पढ़ा गया जिस पर कुछ लोगो ने बात रखी और सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ ऑल इंडिया महिला संस्क्रतिक संगठन के नेतागनो ने महिलाओ की परिस्थितियों और उसको कैसे बदले उस पर अपनी बात रखी कार्यक्रम मे विभिन्न क्षेत्रों से आम महिलाएं शामिल हुई कार्यक्रम का संचालन संगठन की नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष भूमिका पवार ने किया।

## सीआरपीएफ के प्रशिक्षण महाविद्यालय में नव आरक्षकों का दीक्षांत समारोह आज

**ग्वालियर 22 जून।** सीआरपीएफ (केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल) के एबी रोड पनिहार स्थित केन्द्रीय प्रशिक्षण महाविद्यालय में 23 जून को प्रातः 6.30 बजे नव आरक्षकों का दीक्षांत परेड समारोह आयोजित होगा। दीक्षांत परेड में 300 नव आरक्षक शामिल होंगे। साथ ही नव आरक्षकों के परिवार व गणमान्य नागरिक इस गरिमामय समारोह के साक्षी बनेंगे।







